आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर देश और विदेश के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

2. मंत्रालय ने कहा है कि कैंसर की एक सौ सैंतीस दवाओं की घटी कीमतें कल से लागू होंगी।

3. त्योहारों के मौसम को देखते हुए, जहाज रानी सेवा निदेशालय की ओर से अतिरिक्त नौका सेवाओं की व्यवस्था की गई है।

4. तेलंगाना में अगले महीने आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2026 के लिए खिलाड़ियों से वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दीपावली के अवसर पर देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह त्योहार दुखों के अंत और सुख–समृद्धि से भरे जीवन की शुरुआत का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर लोग शुभ कार्यों और कल्याण के लिए भगवान गणेश तथा सुख–समृद्धि के लिए देवी महालक्ष्मी की पूजा करते हैं। राष्ट्रपति ने सभी देशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना की। उन्होंने लोगों से

पर्यावरण की रक्षा करने और आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की। साथ ही, युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी दीपावली के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि दीपों का यह त्योहार पूरे देश को रोशन करता है और अंधकार को दूर करने के संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कामना की कि दीपावली और आने वाला समय सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे पूरे उत्साह से दीपावली मनाते हैं और पिछले वर्षों की तरह इस बार भी देश के वीर जवानों के साथ यह त्योहार मनाने की परंपरा जारी रखेंगे।

<><><><><><><>

उत्तराखंड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर उपराज्यपाल डॉ दिनेश शर्मा ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह में निवास कर रहे उत्तराखंड के सभी निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। देवभूमि के नाम से प्रसिद्ध उत्तराखंड अपनी अतुलनीय प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध आध्यात्मिक विरासत और जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं के लिए जाना जाता है। यह राज्य अपने लोगों के साहस, दृढ़ संकल्प और समर्पण का प्रतीक है, जिनका योगदान राष्ट्र की प्रगति को निरंतर समृद्ध कर रहा है। यह विशेष अवसर हमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के अनुरूप, अपनी साझा सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने और एकता, सद्भाव व भाईचारे के बंधनों को और मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है।

<><><><><><><><>

दीपावली–रोशनी के त्योहार–के पावन अवसर पर, सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार हर घर में खुशी, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लाए। इस त्योहार को खुशी के साथ मनाएं और द्वीप समूह में एकता व भाईचारे के बंधनों को मजबूत करें।

<><><><><><><><>

मंत्रालय ने कहा है कि कैंसर की एक सौ सैंतीस दवाओं की घटी कीमतें कल से लागू हो जाएंगी। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण–एन पी पी ए ने हाल ही में इन दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य–एम आर पी पर व्यापार लाभ की सीमा तय की है। इससे इन दवाओं की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है।

<><><><><><><><>

त्योहारों के मौसम को ध्यान में रखते हुए, जहाज रानी सेवा निदेशालय ने इस अवधि के दौरान यात्रियों की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए श्री विजयपुरम और लिटिल अंडमान के बीच अतिरिक्त नौका सेवाओं की व्यवस्था की है। एम वी सेंटिनल कल सुबह साढ़े छ बजे श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान जाएगा और उसी दिन रात आठ बजे लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। यात्री आज सुबह नौ बजे से डी एस एस ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलान टिकट बुक कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा और आसानी

से बुकिंग के लिए ई–टिकटिंग पोर्टल के लिए क्यूआर कोड भी उपलब्ध कराया गया है।

<><><><><><><>

हार्बर मास्टर, आई वी मुख्य सर्वेक्षक, पोर्ट मैनेजमेंट बोर्ड, श्री विजयपुरम, अंतर्देशीय जहाजों के सर्वेक्षण के लिए 14 और 15 नवंबर को स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप का दौरा करेंगे। यह दौरा निर्धारित सुरक्षा और वैधानिक आवश्यकताओं के अनुपालन का सत्यापन करने के लिए अंतर्देशीय जहाजों के सर्वेक्षण एवं निरीक्षण हेतु किया जाता है। स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में संचालित अंतर्देशीय जहाजों के सभी नाव मालिकों और संचालकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस दौरे के दौरान अपने–अपने जहाजों को सर्वेक्षण के लिए तैयार रखें। वे सर्वेक्षण से संबंधित किसी भी मुद्दे, संदेह या कठिनाइयों पर चर्चा भी कर सकते हैं।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय, अंडमान निकोबार प्रशासन, तेलंगाना में 11 से 22 दिसंबर तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2026 में अंडमान निकोबार द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों के लिए 18 वर्ष से कम आयु के इच्छुक और पात्र बालकों और बालिकाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन खेल विधाओं में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, साइकलिंग, जिम्नास्टिक्स, जूडो, निशानेबाजी,

तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, थांग–टा, भारोत्तोलन, कुश्ती और योगासन के लिए होगा। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त आधिकारिक संचार के अनुसार, किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए एथलीटों का चयन वर्ष 2023, 2024 और 2025 के दौरान आयोजित मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन पर आधारित होगा। चयन के दौरान निदेशालय द्वारा प्राप्त आवेदनों में से सर्वश्रेष्ठ दो बालकों और दो बालिकाओं को वाइल्ड कार्ड मूल्यांकन समिति, खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2026 के समक्ष रखा जाएगा। इच्छुक पात्र एथलीट अपने आवेदन 10 नवंबर तक संबंधित जोन के सहायक पर्यवेक्षक (खेल) के पास जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गोवा में इस महीने होने वाले भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी 2026 के दौरान वेव्स बाजार में वेवएक्स स्टार्टअप पवेलियन में भाग लेने के लिए फिल्म और उससे जुड़ी तकनीकों के क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप से आवेदन आमंत्रित किए हैं। मंत्रालय के अनुसार, डी.पी.आई.आई.टी. में पंजीकृत पात्र स्टार्टअप आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों की जांच और मूल्यांकन वेवएक्स की ओर से गठित चयन समिति करेगी। इच्छुक स्टार्टअप wavex.wavesbazaar.com पर आवेदन कर सकते हैं। इस वेबसाइट पर पंजीकरण फॉर्म और इससे जुड़ी अन्य जानकारी उपलब्ध

है। मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य नए स्टार्टअप को अपने उत्पादों, तकनीकों और समाधानों को देश–विदेश के फिल्म और मीडिया उद्योग के सामने प्रस्तुत करने का अवसर देना है। इससे स्टार्टअप को फिल्म निर्माताओं, प्रोडक्शन हाउस और निवेशकों के साथ संपर्क और सहयोग बढ़ाने का मौका भी मिलेगा। इफ्फी का संतावनवां संस्करण इस महीने की 20 से 28 तारीख तक गोवा में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>